भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5458**

जिसका उत्तर 03.04.2025 को दिया जाना है

**ग्रीनफील्ड हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण**

5458. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-163 के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रति लक्षेट्टीपेट और मंचेरियल जिलों के किसानों के विरोध की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो ग्रीनफील्ड हाईवे के लिए अधिग्रहित की जाने वाली प्रस्तावित कृषि भूमि का कुल क्षेत्रफल, प्रभावित परिवारों की संख्या और उनके लिए प्रस्तावित मुआवजा पैकेज से संबंधित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नए ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण के बजाय मौजूदा एनएच-163 को चार लेन (ब्राउनफील्ड विस्तार) तक विस्तारित करने की व्यवहार्यता का पता लगाया है जिससे भूमि अधिग्रहण और विस्थापन को कम किया जा सके;

(घ) यदि हां, तो किए गए व्यवहार्यता अध्ययनों का ब्यौरा क्या है जिसमें उनके निष्कर्ष भी शामिल हैं; और

(ङ) यदि नहीं, तो ब्राउनफील्ड विस्तार पर विचार न करने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हां। लक्षेट्टीपेट और मंचेरियल एनएच 163 पर नहीं बल्कि एनएच-63 पर स्थित हैं।

(ख) लक्षेट्टीपेट शहर से मंचेरियल शहर तक ग्रीनफील्ड संरेखण के लिए अधिग्रहित की जाने वाली कुल कृषि भूमि का विवरण, प्रभावित परिवारों की संख्या और प्रस्तावित मुआवजा पैकेज नीचे दिए गए हैं:

| **क्रम सं.** | **कुल अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि हेक्टेयर में** | **कुल प्रभावित किसानों की संख्या** | **प्रस्तावित मुआवजा पैकेज करोड़ रुपये में** |
|---|---|---|---|
| 1 | 112.00 | 1014 | 112 |

(ग), (घ) और (ङ) जी, हां। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मौजूदा एनएच-63 संरेखण का विस्तार करने की व्यवहार्यता का पता लगाया है, लेकिन लक्षेट्टीपेट शहर से मुलकल्ला गांव तक, मौजूदा एनएच-63 सड़क के साथ किमी 136+000 से किमी 151+100 तक लगभग 15 किमी तक सघन रिबन का विकास हुआ है, जिसमें कई आवासीय घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करना शामिल है। मिशन भगीरथ के तहत संस्थापित पेयजल आपूर्ति पाइपलाइनें मौजूदा संरेखण के दोनों ओर चल रही हैं, जिससे मौजूदा सड़क को चौड़ा करना मुश्किल हो रहा है। मौजूदा सड़क को चौड़ा करने के बजाय, लक्षेट्टीपेट शहर तक बाईपास के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

स्थान की स्थितियों के आधार पर और अभ्यावेदन को ध्यान में रखते हुए, मौजूदा एनएच-63 सड़क से 125+000 किमी (रायपट्टनम जंक्शन) से 151+000 किमी (मुलकल्ला गाँव) तक संरेखण को मंचेरियल जिले में लक्षेट्टीपेट शहर तक बाईपास के रूप में प्रस्तावित किया गया था।

*****